113

महानिदेशालय, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प0क0 उत्तराखण्ड

डाण्डा लखौण्ड, पो0ओ0 गुजराड़ा, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून।
ई–मेल dghealth.uttarakhand@gmail.com, दूरभाषः 0135–2608763, फैक्सः 0135–2608746

पत्रांक : 23प/आई0डी0एस0पी0/COVID-19/2020/631 दिनांक : 16 जून, 2020

सेवा में,

समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी,
उत्तराखण्ड।

विषय : चिकित्सा स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर बुखार व फ्लू की रिपोर्टिंग विषयक।

महोदय/महोदया,

जैसा कि आप विदित हैं कि कोविड–19 संक्रमण निरन्तर उत्तराखण्ड राज्य मे प्रसारित हो रहा है। कोविड–19 के साथ ही आगामी माहों में वैक्टर जनित रोग जैसे डेंगू व मलेरिया के संचरित होने की सम्भावना बन जाती है। इस स्थिति में इन महामारियों के नियंत्रण में सम्भावित रोगियों की त्वरित पहचान की जानी अत्यन्त आवश्यक है। अतः समस्त चिकित्सा संस्थानों मे बुखार व फ्लू के लक्षणों की निरन्तर निगरानी की जानी अत्यन्त आवश्यक है ताकि कोविड–19, डेंगू व मलेरिया रोगो से किसी भी असामान्य स्थिति को होने से रोका जा सके।

उक्त रोगों के सर्विलेन्स हेतु Digital platform portal https://covid19.uk.gov.in का निर्माण किया गया है व जिसका चिकित्सा संस्थान स्तरीय login credentials ई0मेल के माध्यम से प्रेषित किये जा चुके हैं। Portal पर डाटा एन्ट्री किये जाने हेतु दिशा निर्देश पत्र के साथ संलग्न है। सर्विलेन्स कार्य को सुगम बनाये जाने हेतु चिकित्सा संस्थान स्तर पर फीवर/फ्लू क्लीनिक पर आने वाले सम्भावित रोगियों की सूचना समुचित रूप से एकत्रित की जानी है ताकि चिकित्सा संस्थान स्तर से ही पूर्ण सूचना उक्त Portal पर upload की जा सके।

अतः आप अपने स्तर से उपरोक्तानुसार कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्न : यथोपरि।

भवदीया

(डा0 अमिता उप्रेती)
महानिदेशक

पत्रांक : 23प/आई0डी0एस0पी0/COVID-19/2020/ 632
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित :

1. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तराखण्ड शासन।
2. प्रभारी सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तराखण्ड शासन।
3. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड।
4. समस्त जिला सर्विलेन्स अधिकारी आई0डी0एस0पी0 यूनिट उत्तराखण्ड।
5. चीफ आपरेशन ऑफिसर, राज्य कोरोना नियंत्रण सैल, उत्तराखण्ड।
6. नोडल अधिकारी COVID-19 स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय उत्तराखण्ड।
7. प्रभारी अधिकारी आई0डी0एस0पी0।

(डा0 अमिता उप्रेती)
महानिदेशक

Scanned by CamScanner